# ओखला पक्षी अभयारण्य ने विश्व वन्यजीव दिवस मनाया

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में ओखला पक्षी अभयारण्य में [विश्व वन्यजीव दिवस]() मनाया गया, जिसमें इसकी समृद्ध जैवविविधता पर प्रकाश डाला गया और **मिशन लाइफ** पर ध्यान केंद्रित किया गया।

- प्रत्येक वर्ष जंगली जीवों और पौधों का उत्सव मनाने के लिये 3 मार्च को WWD मनाया जाता है।

## मुख्य बिंदु:

- **WWD 2024 की थीम:** WWD 2024 की थीम थी "व्यक्तियों और पृथ्वी को जोड़ना: वन्यजीव संरक्षण में डिजिटल नवाचार की खोज।" इस विषय में वन्यजीव संरक्षण प्रयासों में डिजिटल नवाचारों की भूमिका पर ज़ोर दिया गया।
- **अंतर-पीढ़ीगत आदान-प्रदान:** यह आयोजन स्थायी डिजिटल वन्यजीव संरक्षण पर कला, प्रस्तुतियों और चर्चा जैसी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अंतर-पीढ़ीगत आदान-प्रदान एवं युवा सशक्तीकरण के लिये एक मंच के रूप में कार्य करता है।
- **तकनीकी नवाचार की भूमिका:** अनुसंधान उपकरण, संचार विधियों, ट्रैकिंग सिस्टम और डीएनए विश्लेषण जैसी तकनीकी प्रगति ने अधिक कुशल एवं सटीक वन्यजीव संरक्षण प्रयासों को सुविधाजनक बनाया है।
- **डिजिटल क्रांति:** वैश्विक डिजिटल क्रांति जन-केंद्रित डिजिटल शासन की बाधाओं को तोड़ रही है और वन्यजीव संरक्षण के लिये डिजिटल परिवर्तन में शामिल होने के लिये सभी को समान अवसर प्रदान कर रही है।
- **आयोजित गतिविधियाँ:** कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनमें इको ट्रेल्स, पोस्टर मेकिंग और ऑन-द-स्पॉट हाथ तथा चेहरे की पेंटिंग शामिल हैं, जो सभी WWD 2024 की थीम पर केंद्रित थीं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/okhla-bird-sanctuary-celebrates-world-wildlife-day